Hello Hindustan, Indore, Sep 05 2012

टीसीएस आईटी विज में सेंटपॉल विजेता

इंदौर। यूनिवर्सिटी परिसर खण्डवा रोड पर हुई इंटर स्कूल आईटी क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर जबरदस्त प्रतिसाद मिला। टाटा कंसलटेंसी द्वारा आयोजित तथा स्थापित टीसीएस विज में सेंटपाल स्कूल चैंपियन बना।

प्राथमिक राउण्ड और उसके बाद कुछ कठिन तथा गहन अंतिम राउण्ड में जबरदस्त मुकाबले के बीच सेंट पॉल स्कूल के पंकज मनचंदा-

विजेता-उपविजेता को ट्रॉफी भेंट करते डॉ. सोनवलकर एवं श्री भार्गव।

प्रत्युष समल ने विजेता ट्रॉफी और गैलेक्सी नोट जीता तथा एटॉमिक एनर्जी सेन्ट्रल स्कूल के अभिषेक नाईक तथा पलाश अग्रवाल उपविजेता रहे। क्विज़ को ख्याति प्राप्त पिकब्रेन गिरीबाला सुब्रमणियम ने होस्ट किया था। विजेताओं को डायरेक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन, देअविवि के डॉ. जयंत सोनवलकर और एमपी ऑनलाइन के सीईओ प्रमोद भार्गव ने ट्रॉफी भेंट की। इसमें देश के 14 शहरों के प्रतिभागी शामिल हुए।